THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

DATE- 11/06/2024 GRADE- 10 AB	MT -1 [2024 -25] HINDI [2ND Language]	Max marks- 20 Time – 50 minutes

सामान्य निर्देश :

1. निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |

2. प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए |

<u>खंड – 'अ'- वस्तुपरक प्रश्न</u>

1.	नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए प्रत्येक व्यक्ति का जीवन संघर्षो से भरा होता है| जीवन का कोई भी रास्ता सफल अथवा निर्बाध नहीं होता| कामयाबी के हर रास्ते में कई मुश्किलों का आना तय है| हर बड़ी सफलताओं के पीछे छोटी-छोटी असफलताएँ छिपी रहती हैं| किसी बड़े पत्थर के टुकड़े करने के लिए हमें उस पर असंख्य प्रहार करने पड़ते हैं| अंत में एक प्रहार ऐसा होता है कि वह पत्थर को दो टुकड़ों में बाँट देता है| लेकिन क्या अंतिम प्रहार के पहले किए गए सारे प्रहार निरर्थक थे? नहीं| ऊपर से बेशक पहले का हर प्रहार निरर्थक लगता हो, लेकिन हर प्रहार पूरी तरह सार्थक था, क्योंकि उन प्रहारों में ही अंतिम प्रहार की सफलता छिपी हुई थी| हर चोट ने निरंतर उस पत्थर को टूटने के अधिकाधिक निकट ला दिया था| वास्तव में थोड़ी बहुत असफलताओं के बिना सफलता संभव ही नहीं| व्यक्ति अपनी सफलताओं के बजाय असफलताओं से सीखता है| हर सफलता से उसे पुनर्मूल्यांकन का अवसर मिलता है| सफलता के बाद हम कभ अपना पुनर्मूल्यांकन नहीं करते| समस्या आए बगैर हम रास्ता नहीं खोजते| समस्याएँ ही हमें उपाय खोजने के लिए प्रेरित करती हैं, हमें चिंतनशील बनती हैं, हममें धैर्य का विकास करती है| ठोकर खाने के बाद ही हम अपनी असफलता का कारण जानने का प्रयास करते हैं| उसके बाद ही नए सिरे से आगे बढ़ने के लिए अपनी क्षमता का विकास करते हैं| जीवन की हर असफलता किसी बड़ी सफलता का आधार बनती है| 1)जीवन का कोई भी रास्ता नहीं होते— क) बाधा रहित ख) बाधायुक्त ग) दुखद घ) बहुतलंबा 2)हर बड़ी सफलता के पीछे क्या छिपा है ? क) धन-दौलत ख) छोटी-छोटी असफलता	5

	ग) एक सुनहरा भविष्य घ) एक बड़ा इतिहास 3) बड़ेपत्थर के टुकड़े को तोड़ने में उस पर पड़ने वाले किस प्रहार का अधिक महत्त्व हैं— क) पहले प्रहार का ख) दूसरे प्रहार का ग) प्रत्येक प्रहार का घ) अंतिम प्रहार का 4) समस्याएँ हमारे जीवन में आने से क्या क्या लाभ होते है	
2	पदबंध पर आधारित पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**(**कोई चार**)** 1) तताँरा के <u>चर्चित साहसिक</u> कारनामों के कारण लोग-बाग तलवार में अद्भुत शक्ति का होना मानते थे| रेखांकित भाग का पदबंध भेद लिखिए— क)विशेषण पदबंध ख)क्रिया पदबंध ग) संज्ञा पदबंध घ)सर्वनाम पदबंध 2) <u>चैतन्य होते ही वह</u> उधर बढ़ने को विवश हो उठा | रेखांकित भाग का पदबंध भेद लिखिए— क)विशेषण पदबंध ख)क्रिया पदबंध ग) संज्ञा पदबंध घ)सर्वनाम पदबंध 3)दूसरे गाँवों में पर्व-त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता| सर्वनाम पदबंध छाँटिए— क) दूसरे गाँवों में पर्व-त्योहारों के समय ख) दूसरे गाँवों में पर्व-त्योहारों के समय उसे विशेष ग) दूसरे गाँवों में पर्व-त्योहारों के समय उसे घ) उसे विशेष रूप से आमंत्रित 4) कोई अजनबी युवक उसे निशब्द <u>ताके जा रहा था</u>| रेखांकित भाग का पदबंध भेद लिखिए—	1X4=4

	क) विशेषण पदबंध ख) क्रिया पदबंध ग) संज्ञा पदबंध घ) सर्वनाम पदबंध 5) अमन सुबह से शाम तक खेलता रहता है| रेखांकित भाग का पदबंध भेद लिखिए— क) विशेषण पदबंध ख)क्रिया पदबंध ग) संज्ञा पदबंध घ)क्रियाविशेषण पदबंध	
3	पद्य पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए— 1) 'भगत कारणरूप नरहरि धरयो आप सरीर' – पंक्ति के माध्यम से कवयित्री क्या कहना चाहती है? 1) नरसिंह का रूप अपने भक्त की सेवा के लिए धारण किया 2) भक्त के लिए आपको नरसिंह बनना पड़ा 3) भक्त की रक्षा के लिए आपने नरसिंह का रूप धारण किया 4) भक्त ने कहा इसलिए आपने नरसिंह का रूप धारण किया 2) कबीर को ईश्वर के दर्शन होने पर क्या लाभ हुआ? 1) वे बहुत ज्ञानी हो गए 2) उनके भीतर का अहंकार समाप्त हो गया 3) उन्हें संसार व्यर्थ लगने लगा 4) उनको अपनी शक्ति का आभास हो गया	1X2=2
4	गद्य पाठों आधारित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए 1) बड़े भाई ने लेखक को रावण का उदाहरण क्यों दिया ? क)रावण के अंत से परिचित कराने के लिए ख) रावण की शक्ति से परिचित कराने के लिए	1X1=1

	ग) लेखक की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए घ) लेखक के व्यवहार में आए घमंड को रोकने के लिए	
5	पद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए—**(**कोई दो**)** 1) संसार में सुखी व्यक्ति कौन है और दुःखी कौन? यहाँ 'सोना' और 'जागना' किसके प्रतीक हैं? 2) मीरा की रचनाओं में किस प्रकार की भक्ति भावना निहित है? 'मीरा के पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 3) मीरा ने श्रीकृष्ण के रूप सौन्दर्य का वर्णन किस प्रकार किया है	2X2=4
6	गद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए—**(**कोई दो**)** **1)** बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे? 2) कथा नायक की रुचि किन कार्यों में थी? **3)** बड़े भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं?	2X2=4